रेलवे स्पॉन के कारण मांगलिया ओवर ब्रिज अधूरा

अब शुरू होगा रेलवे स्पॉन का काम

नव भारत न्यूज

इंदौर. पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन मांगलिया रेलवे ओवर ब्रिज रेल विभाग की लेट लतीफी के कारण अटका हुआ है. रेल विभाग द्वारा अंडर पास का निर्माण पूरा कर दिया है. अब रेलवे ओवर ब्रिज के स्पॉन का काम शुरू होगा. ब्रिज निर्माण में समाज से बहुत ज्यादा देरी के कारण मांगलिया से उज्जैन रोड पर आने जाने वाले हजारों ग्रामीण और रहवासियों को करीब 20 किलोमीटर घूम कर आना पड़ रहा है.

पीडब्ल्यूडी ने अक्टूबर 2024 में मांगलिया रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य शुरू किया था. उक्त ब्रिज को 18 माह में पूरा करना है, लेकिन ब्रिज निर्माण की समय सीमा खत्म हो चुकी है और ब्रिज का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा ही है. ब्रिज निर्माण का ठेका रियाल कंस्ट्रक्शन को दिया गया है. 320 मीटर लंबे और तीन लेन चौड़े ब्रिज की लागत 26 करोड़ रुपए है. लेकिन अब दिसंबर में ब्रिज निर्माण पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है. पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन ब्रिज के दोनों छोर का काम पूरा कर दिया है, लेकिन रेलवे स्पॉन का काम अब शुरू होगा। रेलवे स्पॉन का निर्माण रेल विभाग स्वयं करता है या उनकी ड्राइंग डिजाइन की रेल विभाग से ही मंजूर होकर अनुमति जारी होती है। पीडब्ल्यूडी के सूत्रों के अनुसार रेल विभाग ने उक्त कार्य का टेंडर बुला लिया और अनुमति भी दे दी है. पीडब्ल्यूडी रेलवे स्पान के कार्य बीच दोनों ओर सर्विस रोड का काम भी चल रहा है.

अंडरपास का काम पूरा हुआ

पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री जे के मीणा ने बताया कि रेलवे स्पॉन का काम अब शुरू होगा. इसके बाद चार महीने पीडब्ल्यूडी को स्लैब और ज्वाइंट जोड़ने में लगते है. अंडर पास का काम पूरा हो गया है, अब रेलवे स्पान का निर्माण शुरू होगा.

भास्कर लक्षकार ने संभागायुक्त का पद संभाला

डॉ. खाड़े को अधिकारियों ने दी विदाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी भास्कर लक्षकार ने आज दोपहर इंदौर संभाग के नए कमिश्नर का पद संभाल लिया. उन्होंने पूर्व संभागायुक्त डॉ सुदामा खाड़े से पदभार ग्रहण किया. इस दौरान डॉ. सुदामा खाड़े को अधिकारियों ने विदाई दी. डॉ. खाड़े की भोपाल में मुख्यमंत्री सचिव के रूप में पदस्थापना की गई है.

पदभार ग्रहण करने के बाद कमिश्नर लक्षकार ने कहा कि इंदौर संभाग में सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव की बात है. उन्होंने कहा कि निवर्तमान संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से उनका पुराना आत्मीय संबंध है. उन्होंने बताया कि जब वे प्रशासनिक सेवा में प्रोबेशनर थे, तब डॉ. खाड़े उनके कलेक्टर रहे है. आयुक्त ने कहा कि शासन की योजनाओं को प्राथमिकता और प्रतिबद्धता के साथ लागू करना होगा. उन्होंने कहा कि इंदौर संभाग में उत्कृष्ट कार्य संस्कृति पहले से स्थापित है. उनकी कोशिश रहेगी कि टीम वर्क, बेहतर समन्वय और नवाचार के माध्यम से ओर ऊंचे स्तर पर ले जाया जाए. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देने और जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए सभी अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा. नवागत संभागायुक्त लक्षकार ने संभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर प्रशासनिक कार्यों की जानकारी ली. इस अवसर पर अपर आयुक्त तरुण भटनागर, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण अपर संचालक सपना अनुराग जैन तथा सारिका भूरिया, आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, उपायुक्त सपना लोवंशी, संयुक्त आयुक्त शिवानी वर्मा, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण उपायुक्त रजनीश कसेरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. नवागत संभागायुक्त भास्कर लक्षकार कार्यभार गृहण करने के पूर्व खजराना गणेश मंदिर और रणजीत हनुमान मंदिर में सहपरिवार पूजा अर्चना कर दर्शन किए. ध्यान रहे कि लक्षकार इसके पूर्व आयुक्त सह-संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ थे. लक्षकार ने प्रदेश में मुरैना, गुना एवं रतलाम जिले के कलेक्टर भी रहे है.

नवागत संभागायुक्त द्वारा आईडीए में भी पदभार संभाला

संभागायुक्त एवं आईडीए के सह अध्यक्ष भास्कर लक्षकार ने प्राधिकरण कार्यालय में भी पदभार ग्रहण किया. इसके बाद लक्षकार ने प्राधिकरण अधिकारियों से परिचय किया. साथ ही प्राधिकरण के कार्यो की प्रारंभिक जानकारी भी प्राप्त की. इस दौरान आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े, डिप्टी कलेक्टर सुदीप मीणा, विधि अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, संपदा अधिकारी श्यामू श्रीवास्तव, योजना शाखा प्रभारी रत्ना बोचरे, पीआरओ कपिलदेव भल्ला सहित विभिन्न योजनाओं के प्रभारी इंजीनियर मौजूद थे।

निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का महापौर ने किया निरीक्षण

15 अगस्त तक एक लेन चालू करने के दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. सोमवार को महापौर ने शहर में निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने 15 अगस्त से सड़क के एक तरफ यातयात शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए. निर्माण कार्य में गति और गुणवत्ता का ध्यान रखने के आदेश भी अधिकारियों को दिए.

सोमवार सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किला मैदान तिराहा से जिंसी चौराहा होकर नेमीनाथ चौराहा तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का जायजा लिया. महापौर ने निरीक्षण के दौरान लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहा से जिंसी चौराहा तक एक लेन का निर्माण तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए. महापौर भार्गव ने सड़क निर्माण के साथ-साथ स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज लाइन, जल प्रदाय तथा सीवरेज लाइन के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की. उन्होंने कहा कि बचे काम 15 अगस्त तक हर हाल में पूरा कर सड़क पर एक तरफ का यातायात शुरू किया जाए. निरीक्षण के दौरान महापौर भार्गव ने रहवासियों से भी चर्चा की. निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, अश्विनी शुक्ला,निरंजन सिंह चौहान, मनोज मिश्रा, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल, कंसल्टेंट एजेंसी के प्रतिनिधि एवं जनकार्य विभाग अधिकारी उपस्थित थे.

एक नजर में

तारक मेहता का उल्टा चश्मा पूरे करेगा 18 साल

इंदौर. नीला फिल्म प्रोडक्शंस और सोनी सब भारत के सबसे लोकप्रिय पारिवारिक कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के 18 शानदार वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने जा रहे हैं. 28 जुलाई को यह प्रतिष्ठित शो अपना 18वां जन्मदिन मनाते हुए 19वें वर्ष में प्रवेश करेगा. भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और स्वच्छ हास्य पर आधारित इस शो ने बिना अश्लीलता और द्विअर्थी संवादों के पिछले 18 वर्षों से करोड़ों दर्शकों का मनोरंजन किया है. 28 जुलाई को आयोजित होने वाले विशेष समारोह में गोकुलधाम सोसाइटी का नया रूप दर्शकों के सामने पेश किया जाएगा. इसके साथ ही कई विशेष मेहमान शो की पूरी टीम को शुभकामनाएँ देंगे. इस खास अवसर पर शो के निर्माता और नीला फिल्म प्रोडक्शंस के संस्थापक असित कुमार मोदी ने कहा, 18 साल पूरे करना हमारे लिए बेहद भावुक और गर्व का क्षण है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिर्फ एक टीवी शो नहीं, बल्कि लाखों परिवारों का हिस्सा बन चुका है. दर्शकों के अपार प्रेम और समर्थन की बदौलत ही हम आज इस मुकाम तक पहुँचे हैं.

एमेजॉन के मशीन लर्निंग समर स्कूल ने पांच साल पूरे किए

इंदौर. आज एमेजॉन इंडिया के मशीन लर्निंग समर स्कूल (एम.एल.एस.एस) को पाँच साल पूरे हो गए. यह एक निशुल्क, वर्चुअल प्रोग्राम है, जो साल 2021 से अब तक 12,000 से अधिक इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को मुख्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई) और मशीन लर्निंग (एम.एल) में प्रशिक्षित कर चुका है. यह कोर्स हर साल चार वीकेंड तक एमेजॉन साईंटिस्ट्स द्वारा कराया जाता है. इस प्रोग्राम के लिए अब तक कुल 4 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं. जहाँ पहले एडिशन में 3,927 रजिस्ट्रेशन हुए थे, वहीं साल 2026 में 1.3 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए. राजीव रस्तोगी, वाईस प्रेसिडेंट, मशीन लर्निंग, एमेजॉन इंडिया ने कहा एमेजॉन में हमारा मानना है कि विश्वस्तर के ए.आई का निर्माण टेलेंट में निवेश से शुरू होता है. मशीन लर्निंग समर स्कूल हमारे उसी विश्वास को प्रदर्शित करता है. पिछले पाँच सालों में इस प्रोग्राम ने दिखा दिया है कि मशीन लर्निंग सीखने का जज्बा पारंपरिक टेक्नोलॉजी केंद्रों से बाहर भी मौजूद है. हर पाँच में से लगभग चार आवेदक बड़े मेट्रो शहरों से बाहर से आ रहे हैं और महिलाओं की प्रतिभागिता हर साल बढ़ती जा रही है.

आइस मेक रेफ्रिजरेशन ने गैलीली होल्डिंग्स के साथ किया समझौता

इंदौर. आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने जापान स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध गैलीली होल्डिंग्स कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक निवेश और संयुक्त उपक्रम (जॉइंट वेंचर) के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. कंपनी के अनुसार, यह साझेदारी उसके दीर्घकालिक विकास और विस्तार की रणनीति को नई गति प्रदान करेगी. कंपनी की घोषणा के अनुसार, गैलीली होल्डिंग्स प्रेफरेंशियल इक्विटी इश्यू के माध्यम से आइस मेक में 180 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि कंपनी अन्य निवेशकों से भी प्रेफरेंशियल इश्यू के जरिए 10 करोड़ रुपये जुटाएगी. यह लेनदेन शेयरधारकों की मंजूरी, स्टॉक एक्सचेंजों से आवश्यक सैद्धांतिक अनुमोदन तथा अन्य प्रचलित नियामकीय शर्तों के अधीन होगा. कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि दोनों कंपनियां एक संयुक्त उपक्रम स्थापित करेंगी, जिसमें गैलीली की 60 प्रतिशत तथा आइस मेक की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी. यह संयुक्त उपक्रम कमर्शियल अपराइट रेफ्रिजरेटर, कमर्शियल टेबल रेफ्रिजरेटर तथा संबंधित रेफ्रिजरेशन उत्पादों के निर्माण, विपणन और वितरण पर केंद्रित रहेगा.

74 प्रतिशत छात्र तनाव में, डिजिटल टूल से मिलेगी मदद

इंदौर. मनोचिकित्सक और शोधकर्ता प्रो. अमरेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में दिल्ली और मुंबई के विशेषज्ञों की टीम ने भारतीय छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर एक बड़ा अध्ययन किया है. इस अध्ययन में छात्रों के बीच तनाव और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताजनक स्थिति सामने आई है. साथ ही, शोधकर्ताओं ने छात्रों की समय रहते पहचान और सही मदद के लिए एक नया डिजिटल सिस्टम भी तैयार किया है. 1000 छात्रों पर किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि करीब 74 प्रतिशत छात्र तनाव से जूझ रहे हैं, जबकि इनमें से 14 प्रतिशत छात्र गंभीर तनाव का सामना कर रहे हैं. अध्ययन में यह भी सामने आया कि 6 प्रतिशत छात्रों में गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लक्षण पाए गए, जबकि 5 प्रतिशत छात्रों में आत्महत्या के विचार या ऐसे संकेत मिले, जिनके लिए तुरंत मनोचिकित्सक की मदद जरूरी हो सकती है। इसके अलावा 37 प्रतिशत छात्रों की मानसिक चुनौतियों का सामना करने की क्षमता कम पाई गई. वहीं 57 प्रतिशत छात्रों को पढ़ाई, ध्यान लगाने, अच्छी नींद लेने जैसी रोजमर्रा की चीजों में परेशानी हो रही थी.

एमएस धोनी ने सोलर स्क्वायर में निवेश किया

इंदौर. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फ़ैमिली ऑफ़िस मिडास डील्स के ज़रिए रेजिडेंशियल रूफ़टॉप सोलर कंपनी सोलरस्क्वेयर में निवेश किया है. यह निवेश कंपनी के हाल ही में घोषित 53 मिलियन के सीरीज़ सी फ़ंडिंग राउंड का हिस्सा है. वह कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर भी जुड़ेंगे. यह साझेदारी भारत के रेजिडेंशियल रूफ़टॉप सोलर मार्केट की लंबी अवधि की ग्रोथ में उनके भरोसे को दिखाती है. धोनी का यह निवेश ऐसे समय में आया है जब रेजिडेंशियल रूफ़टॉप सोलर भारत में तेज़ी से बढ़ने वाली कंज्यूमर कैटेगरी में से एक बनकर उभर रहा है. सोलरस्क्वायर परिवार में एमएस धोनी का स्वागत करते हुए, सोलरस्क्वायर की को-फ़ाउंडर और सीईओ श्रेया मिश्रा ने कहा हमें एमएस धोनी का सोलरस्क्वायर में इन्वेस्टर और ब्रांड एंबेसडर के तौर पर स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है. दो दशकों से ज़्यादा समय से, उन्होंने अरबों भारतीयों का भरोसा और उम्मीदें बनाए रखी हैं और हम भी अपने ग्राहकों के साथ भरोसे का वैसा ही रिश्ता बनाना चाहते हैं. वह भारत और पर्यावरण की बहुत परवाह करते हैं और सच में उस चीज़ में विश्वास रखते हैं जिसे हम सोलरस्क्वायर में बना रहे हैं.

कट्स इंटरनेशनल की रिपोर्ट में समान बाइक टैक्सी नियमों की मांग

इंदौर. कट्स इंटरनेशनल की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, अलग-अलग राज्यों में नियम लागू करने की विसंगतियों को दूर करने, गिग वर्कर्स की आजीविका सुरक्षित करने, फर्स्ट और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को बाइक टैक्सियों के लिए एक समान, तथ्य-आधारित और आनुपातिक नियामक ढांचे की आवश्यकता है. भारत में बाइक टैक्सी नियमों का सामंजस्य: एक तथ्य-आधारित मूल्यांकन और सुधार के सुझाए गए मार्ग नामक इस रिपोर्ट को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, गोपाल कृष्ण अग्रवाल द्वारा लॉन्च किया गया. यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब भारत में बाइक टैक्सी नियमों में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसमें राज्य अलग-अलग दृष्टिकोण अपना रहे हैंय कट्स का कहना है कि इस बंटे हुए परिदृश्य ने यात्रियों, गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स और रेगुलेटर्स के लिए अनिश्चितता पैदा कर दी है, जिससे एक सुसंगत और स्पष्ट नीतिगत ढांचे की आवश्यकता और भी मजबूत हो जाती है.

दक्ष ने एनआईएमसीईटी में हासिल की एआईआर 43

इंदौर. शहर के होनहार छात्र दक्ष बोखे ने एनआईएमसीईटी 2026 (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एमसीए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 43 हासिल कर इंदौर का नाम रोशन किया है. इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्हें देश के शीर्ष 11 नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) में एमसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर मिलेगा.दक्ष बोखे ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी जितेंद्र मिश्रा एकेडमी के मार्गदर्शन में की. नियमित अध्ययन, अनुशासित तैयारी और शिक्षकों के सहयोग से उन्होंने यह सफलता प्राप्त की. दक्ष ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया. उन्होंने कहा कि परिवार का निरंतर प्रोत्साहन और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहा. उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और सही दिशा मिलने पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है. दक्ष की इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों और परिचितों में खुशी का माहौल है.

गो माता के सम्मान में निकली प्रार्थना पत्र यात्रा

10.90 लाख से अधिक हस्ताक्षर प्रशासन को सौंपे

इंदौर. गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत बजे प्रेम प्रकाश आश्रम से प्रार्थना पत्र यात्रा निकाली गई. यात्रा से पूर्व आश्रम में श्रीराम जय राम जय जय राम मंत्र का जाप किया गया, वहीं रघुनाथ टेकरी स्थित सीता सर्वेश्वर भगवान मंदिर में अभियान की सफलता के लिए अखंड हरिनाम संकीर्तन एवं विजय मंत्र का जाप आयोजित हुआ.

संभाग प्रभारी पंडित मनोज तिवारी ने बताया कि विभिन्न संत-महात्माओं के नेतृत्व में निकली यात्रा कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां इंदौर जिले से एकत्रित 10,90,032 हस्ताक्षरों को 41,532 पृष्ठों में संकलित कर पीडीएफ एवं पेन ड्राइव के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन के साथ एसडीएम घनश्याम धनगर को सौंपा गया. यात्रा में गो माता के सम्मान एवं संरक्षण का संदेश देते हुए विशेष झांकी और मॉडल रथ आकर्षण का केंद्र रहे. ओंकार द्विज संस्कृत विद्यालय के लगभग 300 बटुकों ने भी गो सेवा, सुरक्षा और सम्मान के समर्थन में सहभागिता की. इस अवसर पर अनेक संत-महात्मा, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।जानकारी पंडित मनोज तिवारी ने बताया.

अवधूत दत्त मंदिर में गुरूपूर्णिमा महोत्सव आज से

इंदौर. स्वामी दत्तानंद सेवा मंडल ट्रस्ट, श्री अवधूत दत्त मंदिर व आश्रम कालिंदी गोल्ड कालोनी, उज्जैन रोड के तत्वावधान में 28 से 30 जुलाई तक गुरुपूर्णिमा महोत्सव सद्गुरु तेलंगस्वामी महाराज के मार्गदर्शन व सानिध्य में कालिंदी गोल्ड दत्त मांदिर में मनाया जायेगा. उक्त उत्सव में 28 जुलाई को आचार्य विनायक दुर्राफ गुरुजी एवां अन्य ब्रम्हवृन्दों द्वारा मांत्रजागर का कार्यक्रम एवं पंडित अनिल शर्मा अरुण द्वारा गुरुचरित्र कथा की प्रस्तुति होगी. में 29 जुलाई श्रीजी के पंच सुक्त पवमान से अभिषेक, सत्यदत्त पूजा दत्त कथा तथा होम हवन आदि के पश्चात सायं श्रुति ऐवज भंडारे (वाध) का सशिष्य संदीपक नामक विषय पर कीर्तन होगा. पश्चात रात्री स्वामी दत्तानंद सेवा मंडल ट्रस्ट की वार्षिक बैठक तथा तेलंग स्वामी महाराज के आध्यात्मिक सत्संग के पश्चात रात्री भक्तों व्दारा भजनों की प्रस्तुति होगी. 30 जुलाई को देवी अहिल्या पाऊल भजनी मंडल व्दारा श्री गुरु महिमा हिंदी व मराठी भजन की प्रस्तुति प्रात: 10 से 12 बजे तक होगी.

दादू महाराज का पाद्य पूजन, विशिष्टजनों का सम्मान होगा

इंदौर. गुरु पूर्णिमा पर 29 जुलाई को गांधी हॉल में डॉ. दादू महाराज संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में महामंडलेश्वर दादू महाराज के पाद्य पूजन के साथ शहर की प्रमुख हस्तियों का सम्मान किया जाएगा.

संध्याकालीन मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को दादू महाराज द्वारा अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीफल, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा. इस वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में घनश्याम धनगर एवं नरेन्द्र कंधारी, चिकित्सा क्षेत्र में वर्षों से अपनी सेवाएं देने वाली डॉ. पूनम माथुर, शहर में वर्षों से सबके जन्मदिन की सूचना सोशल मीडिया पर देने वाले धनंजय गुंजाल, धर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राजेश छोड़वानी को दादू महाराज के हस्ते सम्मानित किया जाएगा. प्रमुख अतिथि कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी एवं स्थानीय विधायक बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे. उत्सव प्रात: 10 बजे शुरू होगा. दोपहर 12 से 4 बजे क गुरु मंत्र दीक्षा, शिष्यों से भेंट, पूजन होगा. शाम 5 बजे दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य समारोह का शुभारंभ होगा. देर रात तक दादू महाराज से शिष्यों की भेंट व पूजन होगा. मंच संचालन अलका सैनी एवं विजय अंबेकर द्वारा किया जाएगा.

हेड एंड नेक कैंसर : छोटे लक्षण हो सकते हैं बड़ी बीमारी का संकेत

इंदौर. हेड एंड नेक कैंसर (सिर और गर्दन का कैंसर) भारत में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है. यह कैंसर मुंह, जीभ, गले, स्वरयंत्र (वॉयस बॉक्स), होंठ, नाक, साइनस और गर्दन के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है. भारत में तंबाकू, गुटखा, सुपारी और धूम्रपान के अधिक सेवन के कारण इस कैंसर के मामले दुनिया के कई देशों की तुलना में अधिक देखे जाते हैं.

इसे लेकर इंदौर स्थित कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी अस्पताल के डॉ. नितिन तोमर, कन्सल्टेन्ट, हेड एंड नेक ऑन्को सर्जन बताते हैं कि अधिकांश मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं, जब बीमारी काफी आगे बढ़ चुकी होती है. जबकि शुरुआती लक्षणों की समय पर पहचान होने पर इस कैंसर का सफल इलाज संभव है. उन्होंने कहा कि हेड एंड नेक कैंसर की शुरुआत अक्सर ऐसे लक्षणों से होती है, जिन्हें लोग सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं. यदि मुंह में कोई छाला या घाव लगातार दो से तीन सप्ताह तक ठीक नहीं हो रहा है, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए. सामान्य छाले कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं, लेकिन लंबे समय तक बने रहने वाले घाव कैंसर का शुरुआती संकेत हो सकते हैं. मुंह के अंदर सफेद या लाल रंग के चकत्ते, जीभ या गाल के अंदर असामान्य बदलाव, बार-बार खून आना, मुंह से लगातार दुर्गंध आना या किसी हिस्से में मोटापन महसूस होना भी गंभीर संकेत हो सकते हैं. यदि निगलने में लगातार कठिनाई हो, गले में लंबे समय तक दर्द बना रहे, आवाज तीन सप्ताह से अधिक समय तक बैठी रहे या उसकी गुणवत्ता बदल जाए, तो इसे सामान्य संक्रमण मानकर अनदेखा नहीं करना चाहिए. इसी प्रकार गर्दन में बिना दर्द की कोई गांठ महसूस होना भी हेड एंड नेक कैंसर का शुरुआती संकेत हो सकता है. ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत विशेषज्ञ से जांच करानी चाहिए.

एक नजर में | 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप

सक्षम, हार्दिक, आगम और आतिफ अगले दौर में

इंदौर. मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के तत्वावधान में खेली जा रही 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है. नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में आयोजित इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सक्षम वर्मा, हार्दिक गायकवाड़, आगम गंगवाल और आतिफ अंसारी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है.

जूनियर स्नूकर के पहले दौर में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का परिचय दिया. हाल ही में सब-जूनियर वर्ग का खिताब जीतने वाले हार्दिक गायकवाड़ ने अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखते हुए रोहन रोचवानी को सीधे 2-0 से शिकस्त दी. वहीं, सक्षम वर्मा ने भी आक्रामक खेल दिखाते हुए विदूर गुप्ता को 2-0 से आसानी से पराजित किया. अन्य मुकाबलों में आगम गंगवाल ने हर्षित यादव को और आतिफ अंसारी ने मनन अग्रवाल को समान अंतर (2-0) से हराकर अगले दौर का टिकट कटाया.

अन्य मुकाबलों में दिखा एकतरफा दबदबा

दिन के अन्य मुकाबलों में भी एकतरफा जीत का सिलसिला जारी रहा, जहाँ सभी विजेताओं ने 2-0 से सफलता हासिल की. ओवेश खान ने प्रियांश यादव को हराया. राजशेखर ने पल्केश गुलानी पर जीत दर्ज की. लक्ष्य संतनानी ने अथर्व जैन को शिकस्त दी. युग पटेल ने राघव सोनी को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया.

चातुर्मास स्थापना महोत्सव का शुभारम्भ

इंदौर. मंगलवार को एयरपोर्ट रोड़ केशरी वाटिका चातुर्मास स्थल पर चातुर्मास स्थापना महोत्सव एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. चातुर्मास स्थापना के अवसर पर जैनाचार्य नित्यसेनसूरीश्वर श्रमणी वृंद की पावन निश्रा की प्राप्त करेंगे. समाज के रवि मोदी ने बताया कि प्रात 9.15 बजे से 10.15 बजे पांडाल में धर्मसभा एवं प्रवचन का आयोजन होगा. प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक चढ़ावों का लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। चातुर्मासिक आराधना के अंतर्गत प्रतिदिन प्रात 6 बजे पौषध का आयोजन होगा. शाम 6 बजे पुरुषों का प्रतिक्रमण चातुर्मास स्थल पर तथा महिलाओं का प्रतिक्रमण आदिनाथ मांगलिक भवन में संपन्न होगा.